Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding bad road condition of NH-24 from Bareilly to Shahjahpur in Uttar Pradesh.

श्री धर्मेन्द्र कश्यप (आंवला): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद । मैं बधाई भी देना चाहता हूं और आदरणीय प्रधान मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि मोदी जी ने हिन्द में वह काम कर दिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर दिया । आदरणीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि एक देश, दो निशान, दो विधान, दो संविधान नहीं चलेंगे । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि:

"मोदी जी ने हिन्द में वह काम कर दिया,

श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार कर दिया,

अमित शाह जी ने जब से रखा गृह मंत्री की कुर्सी पर कदम,

कश्मीर में भी एक नया चमत्कार कर दिया ।"

मैं बधाई देते हुए आपके माध्यम से अपने क्षेत्र की एक बहुत महत्वपूर्ण समस्या को रखना चाहता हूं । मैं आंवला लोक सभा क्षेत्र से आता हूं, जो जनपद बरेली के अंतर्गत आती है । आंवला लोक सभा के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 24, जो बरेली से शाहजहांपुर और दिल्ली से लखनऊ को जोड़ता है । बरेली से शाहजहांपुर की स्थिति बहुत खराब है । मान्यवर, सड़कों में गड्ढे हो गए हैं, सड़कें धंस गई है । वहां कई-कई किलोमीटर का लम्बा जाम लग जाता है और मरीजों की मृत्यु हो जाती है ।

21.39 hrs (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बरेली से शाहजहांपुर की स्थिति सुधारने का काम करें, ताकि मेरे

क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा मिल सके । जो लगातार मृत्यु हो रही हैं और लम्बा जाम लोगों को झेलना पड़ता है, उससे राहत मिल सके । महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।